भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित संचार निदेशालय

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सभी कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नई दिल्ली, **11 नवम्बर 2020**: नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सभी कार्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2020 तक किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक **10** नवम्बर 2020 को माननीय श्री अरविन्द सिंह, आईएएस, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 14.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सदस्यों, सी.वी.ओ., कार्यपालक निदेशकों एवं सभी विभागाध्यक्षों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी।

तत्पश्चात सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अधिनस्थ कार्मिकों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी. उसके बाद कार्यपालक निदेशक (प्रशासन/मानव संसाधन) द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ब्लॉक-सी, राजीव गांधी भवन के प्रांगण में स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा सफाई अभियान चलाया गया।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण हेतु कृपया संपर्क करें:
महा प्रबंधक (निगमित संचार)
दूरभाष: 011-24622787

प्रेस विज्ञापत संख्या.:25/2020-21

[अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (पहली लाइन बीच में) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सदस्यों, सी.वी.ओ., कार्यपालक निदेशकों एवं सभी विभागाध्यक्षों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए]

[भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कार्मिक स्वच्छता पखवाड़ा/अभियान में भाग लेते हुए]